## महत्वपूर्ण एवं खास

### दंतैल ने कटमोरगा में फिर उत्पात मचाते ढहाए ग्रामीणों के घर

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा वन मंडल के एतमानगर व केंदई में हाथियों का आतंक जारी है। एतमा नगर रेंज में सक्रिय 18 हाथियों के दल में शामिल उत्पाती दंतैल आज लगतार दूसरे दिन रेंज अतंर्गत कटमोरगा गांव पहुंच गया । और वहां बसती में उत्पात मचाते हुए धनी राम यादव, तथा एक अन्य ग्रामीण के घर को निशाना बताने हुए ढहा दिया गांव में लगातार दूसरे दिन उत्पाती दंतैल के पहुंचने व घर ढहाए जाने से ग्रामीण दहशत में है। हालाकि वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी दंतैल की निगरानी में लगे हुए है। बीती रात दंतैल के गांव की ओर रूख करने की सूचना मिली रेंजर देव दत्त खांण्डे के नेतृत्व में कटमोरगा पहुंची और उत्पाती हाथी को खदेडने की कार्रवाई की वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर दंतैल जंगल की ओर भाग निकला। वन अमला रातभर गांव में डटा रहा। सुबह होने पर मुख्यालय लौटा ज्ञात रहे दंतैल हाथी ने इससे पहले सोमवार की रात गांव में पहुंचकर भारी उत्पात मचाया था। और 4 ग्रामीणों के घर को ध्वस्त कर उन्हें तथा उसके परिवार को बेघर कर दिया।

### वैगानार ने स्कूटी को मारी ठोकर, युवक कोमा में

**कोरबा (आरएनएस)।** गायत्री शक्तिपीठ के पास पिछली रात हुए स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वह फिलहाल कोमा में है। सीएसईबी पुलिस ने वैगानार चालक के विरूद्ध आईपीसी की धारा 279, 337 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया है। चैकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि मंगलवार की रात 10.30 बजे के लगभग गायत्री शक्तिपीठ के पास यह घटना हुई। यहां पर वैगानार कार संख्या सीजी-12एजी-9239 के चालक की लापरवाही से एक स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। वह मौके पर गिरने के साथ बेहोश हो गया। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस यहां पहुंची। फौरी तौर पर पीडित को हास्पिटल भिजवाया गया। अब तक की सूचनाओं में पता चला है कि पीडित बेहोशी से बाहर नहीं आ सका है और स्थिति चिंताजनक है। चिकित्सकों ने उसे आब्जर्वेशन में रखा है। पुलिस के द्वारा प्रकरण में कार चालक पर कार्रवाई की गई है।

### कोयला कामगारों का बढ़ा वेतन

**कोरबा (आरएनएस)।** केंद्र में नई सरकार के कामकाज संभालने के 24 घंटों के अंदर कोल इंडिया के कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी के आदेश जारी हो गए। कोल इंडिया के महाप्रबंधक गौतम बेनर्जी के हस्ताक्षर से जारी आदेश के मुताबिक नॉन एक्जीक्यूटिव कैडर के कर्मचारी वर्ग के वीडीए (वेरिएबल डियरनेस एलाउंस) को बढ़ाकर 16.9 फीसदी कर दिया गया है। कोल इंडिया के इस आदेश से एसईसीएल के अंतर्गत कार्यरत 35 हजार कर्मचारियों को फायदा होगा। एसईसीएल के जनसंपर्क अधिकारी डॉ.सनीश चंद्रा के मुताबिक कोल इंडिया द्वारा जिन कर्मचारियों के वीडीए में बढ़ोतरी की गई है उनमें सुपरवाइजर श्रेणी, क्लर्क, आपरेटर, माइनिंग सरदार और श्रमिक वर्ग शामिल है। उन्होंने बताया कि वीडीए में बढ़ोतरी का लाभ कोल इंडिया में कार्यरत 2 लाख कर्मियों को प्राप्त होगा। हरेक कर्मचारी की सैलरी में प्रति माह 2 से 3 हजार रुपए की बढ़ोतरी होगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कोल इंडिया द्वारा वीडीए में बढ़ोतरी का आदेश 1 जून से 31 अगस्त 2024 तक प्रभावशील होगा। इसके बाद यह सितंबर में पुनरू रिवाइज होगा।

### हथनेवरा चौक के पास बिगड़ा ट्रक, आवागमन रहा बाधित

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** चांपा-बिर्रा मार्ग में हथनेवरा टू-लेन चौक के पास सोमवार की बीती रात्रि को एक ट्रक खराब हो गया। जिसके कारण इस चौक से लोगों का आवाजाही में परेशानी होती रही। चूंकि पूरी रात भर यह वाहन चौक पर खड़े रहे जिसके कारण लोग काफी परेशान रहे। मंगलवार को सुबह 10 बजे तक यह वाहन चौक पर खड़ी रही। वाहन चालक ने बताया कि गाड़ी में तकनीकी खराबी आने के कारण स्टार्ट नहीं हो रही है। चूंकि स्टेयरिंग भी पॉवर स्टेयरिंग होने के कारण जब तक यह स्टार्ट नही होगा तब तक इसे आगे भी ले जाया नहीं जा सकता है।

# बलौदाबाजार हिंसा के मामले में अब तक अलग-अलग 7 एफ आईआर दर्ज, हिरासत में 200 से ज्यादा लोग

**❒ प्रभारी सचिव और कमिश्नर ने स्थिति का लिया जायजा**

बलौदाबाजार | आरएनएस

जिला मुख्यालय में सोमवार को हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद बलौदा बाजार में धारा 144 लागू कर दी गई है जो 16 जून तक जारी रहेगी. पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. सतनामी समाज के प्रदर्शन के बाद यहां के कलेक्?टर और एसपी आफिस में तोडफ़ोड़ और आगजनी की गई थी. इस मामले में सीएम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से रिपोर्ट मांगी है. इसी कड़ी में आज स्कूल शिक्षा एवं बलौदा बाजार जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी और संभाग आयुक्त डॉ संजय अलंग ने जिला कलेक्टर और एसपी समेत उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति का जायदा लिया. इस दौरान कलेक्टर और एसपी ने सोमवार को हुए उत्पात को लेकर पूरी जानकारी दी.

कलेक्टर केएल चौहान ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में व्यवस्था बहाल करने के लिए निर्देश दिए हैं. कल से ही ऑफिस लगने लगेगी. वहीं एसपी सदानंद कुमार ने बताया कि निरीक्षण करने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अब तक 7 अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई है और 200 उपद्रवी हिरासत में लिए गए है. आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं, आरोपियों की पहचान की जा रही है.



15 और 16 मई की दरमियानी रात कुछ असामाजिक तत्वों ने गिरौधपुरी धाम में सतनामी समाज के धार्मिक स्थल के पूज्य जैतखाम में तोडफ़ोड़ की थी. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था. पुलिस की इस कार्रवाई से समाज के लोग असंतुष्ट थे और न्यायिक जांच की मांग कर रहे थे. इस बीच सोमवार को गृहमंत्री विजय शर्मा ने न्यायिक जांच की घोषणा की. वहीं जैतखाम में तोडफ़ोड़ के विरोध में हजारों लोग कलेक्ट्रेट के पास एकत्र हुए और जमकर हंगामा किया. जहां प्रदर्शन हिंसक हो गया. जिसके बाद उपद्रवियों ने तांडव मचाते हुए कलेक्टर और एसपी कार्यालय को आग के हवाले कर दिया. इस घटना में वहां मौजूद 20-30 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं, जिनमें से गंभीर घायल पुलिस कर्मियों को रायपुर रेफर किया गया है. फिलहाल, शहर में स्थिति सामान्य है.

### बलौदाबाजार हिंसा पर सरकार का बड़ा एक्शन.. हटाएँ गए जिले के कलेक्टर और एसपी, नए अफसरों को कमान, आदेश जारी

बलौदाबाजार में हुई हिंसा के बाद अब बलौदाबाजार जिले के कलेक्टर कुमार लाल चौहान को हटा दिया गया है। अब उनके जगह 2011 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक सोनी को पदस्थ किया गया है। अब दीपक सोनी जिले के कलेक्टर की जिम्मेदारी संभालेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। वहीं जिले के एसपी को भी हटा दिया गया है। सदानंद कुमार की जगह अब विजय अग्रवाल को जिले का एसपी बनाया गया है। इस सम्बन्ध में सामान्य प्रशासन विभाग और गृह विभाग की तरफ से औपचारिक आदेश जारी कर दिया गया हैं।

## छत्तीसगढ़ के पौधों से सुरभित हुई रामनगरी, पूर्व सैनिकों ने लगाए पौधे

**❒ मंदिर प्रांगण में बीज बैंक स्थापित कर श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप बीज प्रदान किया जाए**

कोरबा | आरएनएस

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और सेना शिक्षा कोर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीला में वृक्षारोपण का उद्देश्यपरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या धाम के महासचिव माननीय श्रीमान चंपतराय राय, राम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा, दक्षिण भारत से पधारे हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय पदाधिकारी श्रीमान गोपाल, स्टेशन कमांडर कर्नल नेगी साहब कर्नल सी पी सिंह , सेना शिक्षा कोर वेटरन संगठन के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़ तथा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अयोध्या धाम के अध्यक्ष प्रकाश पाठक तथा महासचिव रामवीर सिंह के द्वारा साफा एवं टोपी पहनकर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात पर्यावरण को लेकर चंपत राय का संबोधन हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में अयोध्या की जलवायु और 67 एकड़ में फैले हुए राम मंदिर के परिसर में विभिन्न प्रकार के वृक्षों की चर्चा की। यहां की जलवायु के अनुकूल होने वाले वृक्षों के बारे में बताया। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय सेना और पूर्व सैनिकों के संगठन को उत्तम बताते हुए अयोध्या राम मंदिर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के कार्य की सराहना भी की।कोरबा की भागीदारी हुई पर्यावरण संरक्षण अभियान में देश के विभिन्न भागों से आए हुए पूर्व सैनिकों ने अपने परिवारों के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला के पर्यावरण संरक्षण के संयोजक एवं पूर्व सैनिक सेवा संघ के संगठन मंत्री कैप्टन मुकेश कुमार अदलखा ने चंदन (सफेद एवं लाल), वरुण, सिंदूर, पुत्रजीवक, आंवला तथा पीपल के पौधों को छत्तीसगढ़ से लाकर कुबेर टीला तक पहुंचाया। श्रीमान चंपत राय के साथ श्रीराम जन्मभूमि में चंदन का पौधा रोपित किया। रामायण में वर्णित 182 पौधों की सूची माननीय चंपत राय को सौपते एक रामायण वाटिका बनाने का सुझाव दिया साथ ही पर्यावरण संतुलन हेतु मंदिर प्रांगण में एक बीज बैंक स्थापित कर श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप बीज प्रदान किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद स्वरूप ग्रहण किये गए बीज को रोपित करने से देश के एक कोने का वृक्ष दूसरे कोने में अपनी छटा बिखेरेंगे जिससे वृक्षारोपण में गति आएगी। सेना शिक्षा कोर वेटरन संगठन की दिल्ली स्थित संगठन सदस्य विद्यार्थी, मीणा, जगदेव ,वेटरन नरेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष प्रकाश पाठक तथा महासचिव डीएस तोमर के आरंभिक प्रयासों से इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनी । लोगों का स्वागत सत्कार यहां पर चंपत राय, डॉ अनिल मिश्रा के साथ में आपसी तालमेल स्थापित करवाने तथा इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप से अपने हाथों में लेकर सफल बनाने में बहुत बड़ा योगदान दिया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अयोध्या धाम द्वारा सदस्यों का यथोचित सत्कार किया गया।।

## जटगा रेंज में दिखा बायसन, वन विभाग हुआ सक्रिय

कोरबा | आरएनएस

जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जटगा रेंज में मंगलवार को बायसन (वनभैंसा) देखे जाने के बाद वन विभाग सक्रिय हो गया है। अब विभाग द्वारा यह पता लगाया जा रहा है कि क्षेत्र के जंगल में वन भैंसा का आगमन कहा से हुआ है इसके साथ और भी वन भैंसे है। अथवा अकेला ही पहुंचा है हालांकि यह माना जा रहा है कि वन भैंसे का अचानक मार क्षेत्र से हुआ होगा। जो पाली व चैतमा के जंगल होते हुए यहां पहुंचा है। इससे पहले पाली के जंगल में काफी दिन पहले बायसन को विचरण करते हुए देखा गया था। तब वन विभाग सक्रिय हुआ था। कुछ दिन यहा के जंगल में दिखाई देने के बाद वन भैंसा कही चला गया था। अब मंगलवार को पुनरू दिखाए देने पर वन विभाग इसका पता लगाने के लिए सक्रिय हो गया है। जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम मंगलवार को दोपहर 12 बजें जटगा रेंज के जंगलो में गश्त के लिए निकली थी। टीम में शामिल विभाग के अधिकारी व कर्मचाारी सिंघिया के 10 किलो मीटर आगे पहुंचे थे। कि राजग्वालीन मंदिर के पास एनआर क्षेत्र में एक बायसन को विचरण करते हुए देखा और इसकी विडियों व फोटो ग्राफी करने के साथ ही उसे अपनें कैमरे में कैदकर लिया।

## अवैध शराब पर कार्यवाई : अमलीभैना में 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब पर कार्रवाई को लेकर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा थानाक्षेत्र के वार्डों और गांवों में मुखबीर सक्रिय कर सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल शाम थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि अमलीभौना इंदिरा आवास रोड़ पर एक युवक प्लास्टिक थैला में महुआ शराब रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है पुलिस ने रेड कार्यवाही कर अमलीभौना इंदिरा आवास रोड़ सैलून दुकान के पास आरोपी अर्जुन सारथी पिता कैलाश सारथी उम्र 24 साल निवासी अमलीभौना थाना जूटमिल को पकड़ा गया जिसके कब्जे से दो प्लास्टिक पन्नी में भरा 20 लीटर महुआ शराब कीमती रु.3000 की जप्ती की गई है। आरोपी पर थाना जूटमिल में अप.क्र. 273/2024 धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र सिदार, आरक्षक धनेश्वर प्रसाद उरांव और शशिभूषण साहू शामिल थे।

## आवश्यक दस्तावेजों के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर बनवा सकते है आयुष्मान कार्ड, ऑनलाईन पोर्टल पर भी पंजीयन कर प्राप्त कर सकते है आयुष्मान कार्ड

**❒ अधिक जानकारी के लिए हेल्प लाईन नंबर 104 में कर सकते है संपर्क**

रायगढ़

केन्द्र सरकार की आयुष्मान कार्ड योजना कमजोर वर्गो को चिकित्सा सहायता और सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक पहल है। जिसके तहत शासन के निर्देशानुसार सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना (एसईसीसी)अंतर्गत परिवार एवं अंत्योदय व प्राथमिकता के क्रियाशील राशन कार्डधारी परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। योजनान्तर्गत शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ या किसी पंजीकृत चिकित्सालयों में योजना के निर्धारित चिकित्सा पैकेजों के माध्यम से भर्ती होने की स्थिति में प्रतिवर्ष (फैमिली फ्लोटर आधार पर) प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के नि:शुल्क इलाज प्रदाय किए जाने का प्रावधान है।

कलेक्टर गोयल ने पूरे जिले में आयुष्मान कार्ड के काम को मिशन मोड में एक मुहिम के रूप करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सीएमएचओ से कहा कि अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले लोगों की स्कुरटनी कर ऐसे लोगों की पहचान की जा सकती है जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं। जिससे वहीं उनके कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जा सकती है। सीएमएचओ ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 12 जून 2024 तक की स्थिति में कुल 1087479 लक्ष्य में से 886773 (81.5 प्रतिशत)हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर गोयल ने शेष हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु निर्देशित किया है। जिस पर सीएमएचओ ने बताया कि छूटे हुए हितग्राहियों की जनसंख्या का आंकलन करते हुए रूट चार्ट बनाकर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड (https://beneficiary.nha.gov.in) पंजीयन कराया जाना है। साथ ही हितग्राही स्वयं अपना आयुष्मान कार्ड ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीयन कर सकते है।

**आयुष्मान कार्ड के लिए आवश्यक दस्तावेज-** जिले के जनसामान्य राशन कार्ड, आधार कार्ड, फोटोयुक्त अन्य कोई भी शासकीय पहचान पत्र एवं मोबाईल नंबर के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या शिविर में उपस्थित होकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं किसी भी प्रकार की सहायता हेतु हेल्प लाईन नंबर 104 में संपर्क कर सकते है।

### दो पत्नियों के बीच विवाद

## कोटवार पति ने कुल्हाड़ी मारकर पत्नी और पुत्री को किया घायल

कोरबा | आरएनएस

बहुपत्नी विवाह की परंपरा काफी समय से बनी हुई है और इसके कारण समाज में समस्याएं भी आती रही है। समय के साथ ऐसे मामलों में कमी आई लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में नमूने मौजूद हैं और अलग-अलग कारण से मारपीट के साथ विघटन जैसी परिस्थितियां भी निर्मित हो जाती है। रामपुर गांव में दो पत्नी से संबंध रखना कोटवार पति को काफी तकलीफदेह हो गया। विवाद बढने पर उसने एक पत्नी पर हमला कर दिया। बचाने के दौरान पुत्री भी जख्मी हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

करतला थाना अंतर्गत रामपुर गांव में यह घटना हुई है। बुधवार की सुबह सात बजे यह घटना हुई। बताया जा रहा है,कि क्षेत्र का कोटवार शरददास महंत की दो पत्नियां हैं। पहली पत्नी का नाम टीका बाई है जिससे उसकी एक पुत्री पिंकी 22 वर्ष भी है। दूसरी पत्नी के चक्कर में शरद् का पहली पत्नी से अक्सर विवाद होता था,जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पहली पत्नी का तर्क है,कि पति उसे घर खर्च नहीं देता,जिसके कारण उसका जीना दुश्वार हो गया है। इस मामले को लेकर कोर्ट ने भी उसे फटकार लगाई है। बस इसी बात को लेकर शरद का पत्नी से विवाद हुआ और हिंसक घटना घट गई। बताया जा रहा है,कि पति-पत्नी के बीच वाद-विवाद से परिवार के अन्य लोग चिंतित हो गए। इस दौरान पति के द्वारा धारदार कुल्हाड़ी से हमला करने पर टीकाबाई बेहोश होकर गिर पड़ी और वह लहूलुहान हो गई। मां की स्थिति ने उसकी पुत्री को बेचैन कर दिया। वह अपने स्तर पर हस्तक्षेप करने के लिए आगे आई तो पिता ने उस पर भी कुल्हाड़ी चला दी। हिंसक हमले में पत्नी अपनी अंतिम सांसे गिन रही है,जबकि पुत्री की स्थिती गंभीर बनी हुई है। करतला पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। उधर दोनों पीडितों को आनन-फानन में करतला के सरकारी हास्पिटल ले जाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक चिकित्सा देने के साथ पीडितों को उनकी स्थिति के आधार पर कोरबा के मेडिकल कॉलेज हास्पिटल रेफर कर दिया है।

## प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रयास के बच्चों की भागीदारी को बढ़ाने पर दें विशेष जोर : मंत्री नेताम

**❒ गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों के विकास के लिए संवेदनशीलता के साथ किया जाए कार्य**

रायपुर | आरएनएस

आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गरीब और कमजोर तबकों के बच्चों के विकास को दृष्टिगत रखते हुए प्रयास आवासीय विद्यालय को शुरू किया गया है। हर हाल में प्रयास के मूल उद्देश्य को पूरा किया जाना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि प्रयास विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को प्रमुख रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल बनाना होता है। अत: संवेदनशीलता के साथ प्रयास के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं में भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल और छात्रावास में शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने के साथ-साथ किचन, बेडरूम और बाथरूम को भी स्वच्छ रखा जाए। उन्होंने अपूर्ण अधोसंरचना कार्य समय-सीमा और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंत्री नेताम आज मंत्रालय महानदी भवन में प्रयास आवासीय विद्यालयों के प्रगति और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के संचालक समिति के प्रगति की समीक्षा के दौरान उक्त बातें कही।

मंत्री नेताम ने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने के साथ ही शिक्षा का अच्छा वातावरण बनाने, खेल कूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी जोडऩे के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रयास विद्यालयों में बच्चों का चयन प्रदेश स्तर पर आयोजित परीक्षा के माध्यम से होता है इसलिए इनका बौद्धिक स्तर अन्य बच्चों की तुलना में अच्छा है, परन्तु इसके बावजूद प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। अत: इस तरफ विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों की पढ़ाई से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। यदि विद्यालय में विषय विशेषज्ञ पर्याप्त संख्या में नहीं हैं. तो नियमानुसार अतिथि शिक्षकों को नियुक्त किया जाए, ताकि परीक्षा परिणाम और बेहतर लाया जा सके।

मंत्री नेताम ने समीक्षा बैठक में कहा कि प्रयास विद्यालयों का हर महीने निरीक्षण होना चाहिए। इसके लिए मुख्यालय स्तर से अधिकारियों की डयूटी लगाकर चेकलिस्ट के अनुसार विद्यालय का निरीक्षण किया जाए, ताकि जो भी कमी परिलक्षित हो उसे सुधारा जा सके। प्रत्येक विद्यालय में भोजन कक्ष स्वच्छ होना चाहिए, शौचालय स्वच्छ होना चाहिए। इसके अलावा क्लासरूम, बच्चों का शयनकक्ष तथा विद्यालय के भीतर एवं बाहरी परिसर में साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने हेतु नियुक्त कोचिंग संस्था से सभी नॉम्र्स का पूरी कड़ाई से पालन करवाया जाना चाहिए, तभी ज्यादा से ज्यादा बचचों का चयन संभव हो सके।

मंत्री नेताम ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालक समिति की बैठक में कहा कि नवोदय विद्यालय की तर्ज पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय को भी विकसित किया जाए। विद्यालय में मानव संसाधन की कमी को शीघ्र पूर्ण लिया जाए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU